# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 16.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई पर लगायी रोक, रांची स्थित इडी कार्यालय की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केन्द्रीय बलों को।
2. स्टार्ट अप इंडिया के दस साल पूरे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ करेंगे संवाद, उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अनुभव से होंगे रुबरु।
3. सरायकेला के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आज से दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव शुरु, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हो रहे हैं।
4. राज्य के 139 स्कूलों को स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पहल के लिए मिली फाइव स्टार रेटिंग, इनमें 20 विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे दम।
5. पुरुष हॉकी इंडिया लीग के रांची चरण का आज अंतिम दिन, शाम सात बजे से रांची रॉयल्स और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी के बीच होगा मुकाबला।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय –इडी के अधिकारियों के खिलाफ रांची पुलिस की जांच पर फ़िलहाल रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को कड़ा रुख दिखाते हुए स्पष्ट किया कि जांच के बहाने केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा नहीं डाली जा सकती। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रांची स्थित इडी कार्यालय की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब सीआइएसएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय बलों को सौंप दी गई है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर स्टार्टअप प्रतिनिधि अपने उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अनुभव भी साझा करेंगे।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि भारत में प्रतिदिन 50 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता मिल रही है, जो देश के मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम का प्रमाण है। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस पहल ने नवप्रवर्तकों को अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलकर आत्मनिर्भर भारत की विकास यात्रा में योगदान देने का अवसर प्रदान किया है।

*********************

सरायकेला के आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आज से दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव शुरू हो गया है। इस कॉन्क्लेव में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के लघु उद्योगों को रक्षा विनिर्माण और डीआरडीए की आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है।

*********************

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने हज यात्रियों और अन्य हितधारकों को औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस महीने की 25 तारीख तक एक बार का अंतिम विस्तार दिया जा रहा है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

*********************

राज्य के कुल 139 स्कूलों को स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पहल के लिए 5–स्टार रेटिंग मिली है। 20 स्कूल केन्द्र सरकार की स्वच्छ एवं हरित विद्यालय प्रतियोगिता के तहत चुने गए हैं। ये स्कूल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 11 स्कूल राज्य सरकार की मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना के तहत चयनित हुए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की टीम जल्द ही इन स्कूलों के मूल्यांकन के लिए निरीक्षण करेगी।

*********************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि सरकार बजट सत्र में बीज अधिनियम 2026 पेश करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य नकली और घटिया बीजों की बिक्री रोकना तथा किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना है। ये कानून जलवायु परिवर्तन के अनुकूल किस्मों और बेहतर सूचना प्रणाली को भी बढ़ावा देगा।

*********************

साहिबगंज जिले के किसान अब प्राकृतिक और जैविक खेती अपना रहे हैं, जिससे फसलों की पैदावार सुरक्षित और बेहतर हो रही है। किसान बताते हैं कि वे जल संरक्षण के लिए डोभा और तालाबों का उपयोग कर सिंचाई सुनिश्चित कर रहे हैं। मिट्टी जांच के बाद उर्वरकों के सीमित प्रयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति भी बरकरार है।

*********************

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के तातलोई मेला से बाइक से लौट रहे दो किशोरों और एक किशोरी को अपराधियों ने निशाना बनाया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के पथरिया के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर किशोरी से छेड़छाड़ की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

*********************

सरायकेला–खरसावां में खरकाई नदी तट पर स्थित ऐतिहासिक मिरगीचिंगडा महिला मेला अपनी पहचान खो रहा है। कभी केवल महिलाओं के लिए समर्पित इस मेले में अब पुरुषों का प्रवेश बढ़ गया है। समाजसेवी कार्तिक परीक्षा ने महाभारत कालीन स्मृतियों से जुड़े इस स्थल और लुप्त होती सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की मांग की है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज सुबह के कारोबार में आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखी गई। अंतिम समाचार के अनुसार, सेंसेक्स पांच सौ सोलह अंक बढ़कर तिरासी हजार आठ सौ निन्यानबे पर और निफ्टी एक सौ पैतीस अंक की वृद्धि के साथ 25 हजार आठ सौ एक पर कारोबार कर रहा था।

*********************

इधर राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख बत्तीस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख नब्बे हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य में कल तक कड़ाके की ठंड और शीतलहर का असर बरकरार रहने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार 18 जनवरी से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे कनकनी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

*********************

पुरुष हॉकी इंडिया लीग के रांची चरण का आज अंतिम दिन है। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज शाम सात बजे से रांची रॉयल्स और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी के बीच मुकाबला होगा। इसके बाद टूर्नामेंट भुवनेश्वर चला जाएगा।

*********************